विरोध | युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने पेपर लीक मामले में सरकार को घेरा, जमकर की नारेबाजी

# छात्रों के भविष्य से खेल रही केन्द्र सरकार




**नवभारत, कटनी।** एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने नीट और आईआईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली और पेपर लीक के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन किया। कचहरी तिराहे पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक रूप से झालमुड़ी बेचकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की, साथ ही परीक्षा रद्द होने से छात्रों में व्याप्त नाराजगी को उजागर किया। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशू मिश्रा अंशु ने कहा कि नीट और आईआईटी परीक्षाओं का विवादों में घिरना केन्द्र सरकार की विफलताओं का प्रमाण है। उन्होने आरोप लगाया कि सरकार ने लगभग 22 लाख छात्रों के भविष्य को दांव पर लगा दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले सात वर्षों में 70 से अधिक सरकारी और प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। एनएसयूआई ने केंद्र सरकार से कई प्रमुख मांगें कीं। इनमें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को तत्काल भंग करना, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग और पूरे परीक्षा घोटाले की जांच सुप्रीम कोर्ट की सीधी निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराना शामिल है। इसके अलावा एनएसयूआई ने मांग की कि परीक्षा रद्द होने से प्रभावित छात्रों को उचित आर्थिक मुआवजा और वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। संगठन ने यह भी कहा कि सरकार की ओर से उन्हें मुफ्त मानसिक स्वास्थ्य परामर्श और कानूनी सहायता भी मिलनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन, कमल पांडेय, आनंद पटेल, राकेश गुड्डू द्विवेदी, विनीत जयसवाल, सेवादल अध्यक्ष मंगल सिंह, चोखे भाई, शशांक गुप्ता, सूर्यकांत कुशवाहा, अभिषेक प्यासी, प्रिंस वंशकार,राहुल पटेरिया, कपिल रजक, विजय मंगल चौधरी, अवध यादव, राघवेंद्र सिंह, प्रिंस गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समुदायों के सशक्तिकरण के लिए चलेगा अभियान

**नवभारत, कटनी।** भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय और मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने और शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 18 मई से 25 मई तक जनजातीय समुदाय के लिए लाभार्थी संतृप्ति शिविर जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित 210 ग्रामों में स्थित आदि सेवा केन्द्र में शिविर आयोजित कर जनजातीय क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को शिविरों में विभिन्न विभागों के समन्वय से आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाता, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।




## एक लाख 59 हजार रूपए के गांजा सहित दो गिरफ्तार

पनहा तालाब के पास से युवकों को पकड़ा

**नवभारत, कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत क्षेत्र से पुलिस ने दो युवकों को गांजा सहित पकड़ा है। पुलिस ने युवकों से करीब 15 किलो 730 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब एक लाख 59 हजार तीन सौ रूपए आंकी गई हैं। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान डीजल सेड के पीछे पनहा तालाब के पास हिरवारा कच्ची रोड पर दो संदिग्ध युवकों को देखा गया। युवक एक-एक बैग लिए हुए थे। पुलिस को दोनों युवक भयभीत होकर भागने का प्रयास करने लगे। जिस पर पुलिस ने दो युवकों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस ने संदेह के आधार पर युवकों के बैगों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान दोनों बैगों के अंदर से गांजा मिला। पुलिस ने गांजा रखने के आरोप में दोनों युवकों गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपी एसएक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पकड़े गए आरोपी दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत भजिया गांव निवासी रणजीत पिता गुठलू सिंह और दमोह के ही हिन्होरिया थाना क्षेत्र के बिलाई बेली निवासी दीपक पिता उत्तम लोधी हैं। कार्रवाई में एनकेजे थाना प्रभारी एसआई रूपेन्द्र सिंह राजपूत, एसआई नरेश झारिया, एएसआई केवल उइके, प्रधान आरक्षक आरिफ हुसैल, आरक्षक विजय राणा, सुजीत रजक, ओम शिव तिवारी, साइबर सेल के अमित श्रीपाल, अजय शंकर साकेत, आरपीएफ के एएसआई महेश प्रसाद मिश्रा सहित आरक्षक ओम नारायण की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष कुमार डेहरिया और डीएसपी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई है।

### एक नजर में



## आदित्य राज का 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवभारत, कटनी।** आदित्य राज बहरे ने सीबीएसई बारहवीं गणित संकाय में 90% अंक और आईटी में 100 अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है। आदित्य राज के पिता सचिन बहरे पार्षद हैं और उनकी मां पूजा बहरे शिक्षिका हैं। आदित्य के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से पूरे बहरे परिवार और परिचितों ने हर्ष व्यक्त कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## विदेश में पढ़ाई के लिए मिलेगी छात्रवृत्ति

**नवभारत, कटनी।** राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए हैं। योजना के तहत स्नातकोत्तर और पीएचडी पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को राज्य शासन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत जुलाई से दिसंबर 2026 के मध्य प्रारंभ होने वाले सत्र शामिल रहेंगे।

## पांच जुआरी गिरफ्तार, 8 हजार 250 रूपए जब्त

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के इमलिया गांव में की गई कार्रवाई



**नवभारत, कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत क्षेत्र से पुलिस ने तासपत्तों में हारजीत का दांव लगाने के आरोप में पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से तासपत्तों सहित 8 हजार 250 रूपए जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम इमलिया गांव भगवान हनुमान जी की तलैया में कुछ व्यक्ति तासपत्तों से हारजीत का दांव लगा रहे हैं। जिसके बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम ने घेराबंद करते हुए पांच युवकों को तासपत्ते से हारजीत का दांव लगाते हुए पकड़ा है। आरोपियों से 8 हजार 250 रूपए, 52 तास के पत्ते जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी सुदेश कुमार, एएसआई जुबेर अली, प्रधान आरक्षक प्रेम पटेल, आरक्षक सौरभ पटेल, अभिषेक राजावत, विशाल शिवहरे की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी के मार्गदर्शन में की गई है।

## सचिव और रोजगार सहायक लामबद्ध, सीईओ पर भ्रष्टाचार के आरोप

कलेक्टर, विधायक और मुख्यमंत्री से की शिकायत

**नवभारत,ढीमरखेड़ा।** जिले की ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के सीईओ के खिलाफ क्षेत्र के सभी पंचायत के सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों ने मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री और कलेक्टर के नाम सौंपे गए शिकायत पत्र में जनपद पंचायत सीईओ पर भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में आरोप लगाय गया है कि मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों में सामग्री भुगतान के बदले सीईओ द्वारा अपने चहेते वेंडरों के माध्यम से 45 प्रतिशत तक की अवैध वसूली की जा रही है। आरोप है कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री के बावजूद चहेते वेंडरों से सांठ-गांठ कर बिल लगवाए जाते हैं। जल जीवन मिशन के तहत पंचायतों से योजना हस्तांतरण के नाम पर प्रति पंचायत 3,000 से 5,000 रुपए तक की अवैध मांग की गई। ग्राम पंचायतों पर दबाव बनाकर बाजार दर से तीन गुना अधिक कीमतों पर कचरा गाड़ी और वाटर कूलर उन व्यापारियों से खरीदने को मजबूर किया गया, जिनसे अधिकारी का निजी लाभ जुड़ा है। सचिवों को अन्य पंचायतों का प्रभार दिलाने, निरीक्षण के दौरान वसूली और निर्माण कार्यों की अगली किस्त जारी करने के बदले में पैसों की मांग की जाती है। संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सीईओ द्वारा कर्मचारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। जब कोई कर्मचारी या संघ का पदाधिकारी अपनी समस्या उठाता है, तो अधिकारी द्वेष भावना से उसे फंसाने की साजिश रचते हैं। सीईओ की कार्यप्रणाली फूट डालो और राज करो की नीति पर आधारित है, जिससे सभी कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। सचिव संघ और जीआरएस संघ ढीमरखेड़ा ने चेतावनी दी है कि इस गंभीर भ्रष्टाचार और मानसिक प्रताड़ना पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई, तो कर्मचारी काम करने में असमर्थ होंगे। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री कार्यालय, पंचायत विभाग भोपाल, जिला पंचायत सीईओ और बड़वारा विधायक को भेजकर निष्पक्ष जांच और कर्रवाई की मांग की गई है। सचिव और जीआरएस संघ अध्यक्ष ने कहा कि जनपद सीईओ की कार्यप्रणाली से सभी सचिव और रोजगार सहायक दुखी हैं। भ्रष्टाचार की सीमा पार हो गई है और कर्मचारियों का सम्मान दांव पर है। हमने अपनी समस्याओं से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है।

## बस स्टैंड बना शोपीस, सड़क पर खड़ी हो रही बसों से लग रहा जाम

जाम लगने से हर दिन परेशान हो रहे स्थानीय लोग




**नवभारत, रीठी।** जिले की रीठी तहसील मुख्यालय में यातायात व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे नजर आ रही है। नगर में बस स्टैंड होने के बावजूद यात्री बसों का संचालन सड़क से ही किया जा रहा है। बस चालकों और संचालकों की मनमानी के चलते मुख्य मार्गों पर बसें घंटों खड़ी रहती हैं, जिससे आए दिन जाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। रीठी नगर की सड़कें पहले से ही काफी सकरी हैं। बाजार क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में जब यात्री बसें सड़क किनारे या बीच सड़क पर खड़ी कर दी जाती हैं, तो राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार छोटे वाहन और दोपहिया चालक बसों के बीच से निकलने को मजबूर होते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन द्वारा लाखों रुपये खर्च कर बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके और लोगों को सुविधा मिल सके। लेकिन बस स्टैंड होने के बावजूद उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। अधिकतर बस चालक यात्रियों को बैठाने और उतारने के लिए मुख्य सड़क पर ही बस खड़ी कर देते हैं। पूरे नगर में अव्यवस्था का माहौल बना रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह और शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

बसों के सड़क पर खड़े होने से लंबा जाम लग जाता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और रोजमर्रा के काम से निकलने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार एंबुलेंस और जरूरी वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। कार्रवाई की मांग की गई है।



## विशाल पीपल का पेड़ गिरा, कई मकान व दुकानें क्षतिग्रस्त

ओलावृष्टि से दलहन की फसलों व सब्जियों को नुकसान

**नवभारत, बाकल।** जिले की बहोरीबंद तहसील अंतर्गत बाकल पठार क्षेत्र में शुक्रवार को आए तेज़ तूफ़ान, मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। अचानक बदले मौसम ने ग्रामीण क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचाया। तेज़ हवाओं के कारण कई घरों, दुकानों और अस्थायी टपरियों के छप्पर उड़ गए, जबकि बाजार क्षेत्र में लगे बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स भी हवा में उखड़कर दूर जा गिरे।

तूफ़ान का असर इतना भयावह था कि बाकल ग्राम पंचायत स्थित पूर्व पुलिस चौकी परिसर में लगा वर्षों पुराना विशाल पीपल का पेड़ भी धराशाई हो गया। भारी-भरकम पेड़ गिरने से ग्राम की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह बंद हो गया, जिससे लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई। भारी भरकम पेड़ गिरने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया है,हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना के दौरान वहां कोई व्यक्ति या वाहन मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

करीब 30 मिनट तक चली तेज बारिश से क्षेत्र की सड़कें और गलियां पानी से लबालब हो गईं। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीण इलाकों में कच्चे मकानों और झोपड़ियों को भी नुकसान पहुंचने की जानकारी सामने आई है। क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। खेतों में खड़ी दलहन की फसलों और सब्जियों को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि मौसम के इस अचानक बदलाव ने जनजीवन के साथ-साथ कृषि कार्यों को भी प्रभावित किया है। तूफ़ान और बारिश थमने के कुछ ही देर बाद तेज धूप निकल आई, जिससे मौसम में उमस बढ़ गई और लोग हैरान रह गए।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर नुकसान का आकलन कराने तथा राहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## अब समस्या नहीं, समाधान की ओर बढ़ रहा शहर, नाला निर्माण से जलभराव से मिलेगी मुक्ति

राजीव गांधी वार्ड में 35 लाख की लागत से बनेगा नाला



**नवभारत, कटनी।** शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में नगर निगम द्वारा लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में को राजीव गांधी वार्ड में लंबे समय से बनी जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए लगभग 35 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित नाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन कराया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद प्रेमवती रजक एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने जनप्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत करते हुए क्षेत्र में शुरू हो रहे विकास कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सूरी ने वार्ड की कन्याओं को माला पहनाकर उनका सम्मान किया। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य सिर्फ निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों की दैनिक समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए शहर के विभिन्न वार्डों में सुनियोजित तरीके से नाला एवं सड़क निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद प्रेमवती रजक ने कहा कि यह कार्य वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसके पूरा होने से आवागमन सुगम होगा और आसपास के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता,बीना बैनर्जी, उमेंद्र अहिरवार, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, मंडल अध्यक्ष रजत जैन, सहित स्थानीय नागरिकों, और नगर निगम के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

समीक्षा | स्वच्छ सर्वेक्षण तैयारियों को लेकर नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर फोकस

# सफाई कार्य में लापरवाही पर स्वास्थ्य अधिकारी सहित आधा दर्जन दरोगाओं को नोटिस

**नवभारत,कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण के मद्देनजर नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित कर स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं, स्वच्छता गतिविधियों और शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं टूल किट चेक लिस्ट के आधार पर शहर में संचालित स्वच्छता गतिविधियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूरा किए जाएं। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने वार्डवार सफाई व्यवस्था की नोडल अधिकारियों और वार्ड दरोगाओं से जानकारी लेकर सिटी प्रोफाइल, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता,वॉल पेंटिंग, सौंदर्यीकरण कार्य, सिविल कार्य, नाला सफाई, ग्रीन वेस्ट प्रबंधन, सीएंडडी वेस्ट प्रबंधन, स्टॉर्म वाटर लाइन, चेंबर सफाई, घाटों की स्वच्छता, गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, उद्यानों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही शासकीय और अशासकीय स्कूलों में स्वच्छता व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान शहर के नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था, चूहों के कारण नाली में मिट्टी



भराव की समस्या के निराकरण की दिशा में ठोस पहल नहीं कराने पर स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित कार्य में लापरवाही बरतने वाले वार्ड क्रमांक 1, 5, 16, 27, 29, 34, 37, 44 के वार्ड दरोगाओं को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं एमएसडब्लू प्रबंधन को कचरा संग्रहण वाहनों का समय निर्धारित करने, सुलभ इंटरनेशनल प्रतिनिधि को समस्त व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप रखने की हिदायत देते दी गई। मानकों का पालन नहीं करने पर कटौती और अनुबंध निरस्त की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त ने स्वच्छता अभियान में नागरिक सहभागिता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जन जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। बैठक में निगमायुक्त ने सभी नोडल अधिकारियों और गठित दलों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने वार्डों में नियमित मॉनिटरिंग करें और कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रखें। निगमायुक्त ने टीम भावना के साथ स्वच्छता से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से पालन करने, स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से ही शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जा सकता है। बैठक के दौरान नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री असित खरे, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, सुनील सिंह, आदेश जैन, उपयंत्री संजय मिश्रा, पवन श्रीवास्तव, मृदुल श्रीवास्तव, शैलेन्द्र प्यासी, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, सहित अन्य विभागीय अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के एसआई, वार्ड दरोगा, एमएसडब्ल्यू प्रबंधन, ओम साईं विजन, सुलभ इंटरनेशनल के प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।



## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**नवभारत, रीठी।** रीठी थाना क्षेत्र के तिघरा रोड में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह 25 वर्षीय युवक बाइक से अपने ससुराल जा रहा था। युवक तिघरा रोड से होकर गुजर रहा था, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे फोर व्हीलर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोग तत्काल मदद के लिए पहुंचे और घायल युवक को सड़क से उठाकर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक जांच में युवक के पैर में गंभीर चोट और फैक्चर की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है।